# साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला 6 दिसंबर से

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला पुस्तकायन 6 से 15 दिसंबर तक अकादमी परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें कई प्रकाशक हिस्सा लेंगे। पुस्तक मेले का उद्घाटन प्रख्यात अंग्रेजी स्तंभकार, लेखक एवं अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत नवतेज सरना करेंगे। यह मेला सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक होगा। इस बार 40 से अधिक महत्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। उक्त जानकारी साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने दी। बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, कविता-प्रस्तुति एवं कहानी प्रस्तुति के कार्यक्रम भी रखे गए हैं।